**प्रसार भारती**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**
**12.02.2026 / प्रादेशिक समाचार / 15:00बजे**

## मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश में रिक्त पद समाप्त नहीं होंगे और भविष्य में भी भर्तियां जारी रहेंगी। उन्होंने शिमला में बताया कि प्रदेश की वितीय स्थिति को सुधारने के लिए ऐसा कोई भी कदम नहीं उठाया जाएगा, जिससे जनता पर किसी तरह का बोझ पड़े। मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्ष को दोषारोपण के बजाय प्रधानमंत्री से मिलकर आरडीजी को बहाल करने के प्रयास करने चाहिएं।

.............................................................

## भर्ती प्रक्रिया

प्रदेश में पशु मित्रों के चयन के लिए करवाई जा रही शारीरिक परीक्षा को लेकर सोशल मीडिया और कुछ समाचार पत्रों में प्रकाशित समाचारों को पशुपालन विभाग ने भ्रामक और तथ्यों से परे करार दिया है। विभाग के एक प्रवक्ता ने स्पष्ट किया है कि चयन प्रक्रिया पशु मित्र नीति 2025 के अनुसार की जा रही है जिसे बीते 14 अगस्त को अधिसूचित किया गया था। उन्होंने बताया कि इस शारीरिक परीक्षा का उद्देश्य ये सुनिश्चित करना है कि चयनित अभ्यर्थी पशु चिकित्सा संस्थानों और पशुपालन फार्मों में अपने कार्य सही ढंग से निभा सकें।

.............................................................

## कैबिनेट

प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक आज शिमला में हो रही है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में हो रही इस बैठक में राजस्व घाटा अनुदान यानि आरडीजी सहित 16 फरवरी से शुरू होने वाले बजट सत्र को लेकर मंथन होगा। साथ ही राज्यपाल के अभिभाषण को भी बैठक में मंजूरी दी जाएगी। इसके अलावा विभिन्न विभागों में रिक्त पदों को भरने को लेकर भी निर्णय लिया जा सकता है। बैठक में फिजूलखर्ची रोकने और आय के संसाधन बढ़ाने को लेकर भी चर्चा होने की उम्मीद है।

.............................................................

## भाजपा

भाजपा की राज्य स्तरीय बैठक आज सुंदरनगर में सांसद व मध्यप्रदेश भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा की मौजूदगी में हुई। इस बैठक में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल सहित विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर व अन्य नेता भी मौजूद रहे। इस दौरान विष्णु दत्त शर्मा ने कहा कि भाजपा के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने शासन व्यवस्था में पारदर्शिता लाकर भ्रष्टाचार को जड़ से उखाड़ने का काम किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकारों का फोक्स केवल नारों पर नहीं बल्कि गरीब कल्याण पर रहा है और इस उद्देश्य से किए गए कार्यों के परिणामस्वरूप करोड़ों लोग गरीबी रेखा से ऊपर आए हैं। बैठक में राजीव बिंदल ने कहा कि भाजपा एक कार्यकर्ता आधारित राजनीतिक दल है और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद के दर्शन पर चलता है।

.............................................................

## टंडन

प्रदेश भाजपा सह प्रभारी संजय टंडन ने कहा है कि प्रदेश सरकार वितीय अव्यवस्था, बढ़ते कर्ज, राजकोषीय घाटे और गलत प्राथमिकताओं को छिपाने के लिए केंद्र सरकार पर निराधार आरोप लगा रही है। शिमला में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि अपनी प्रशासनिक और वितीय विफलताओं का ठीकरा केंद्र सरकार पर फोड़ना हास्यास्पद है। टंडन ने कहा कि राज्य सरकार ने बड़ी संख्या में ओएसडी, सलाहकारों और राजनीतिक नियुक्तियों का विस्तार किया, जिससे राजस्व व्यय पर अनावश्यक बोझ बढ़ा है।

.............................................................

**अनुराधा राणा**

लाहौल–स्पीति की विधायक अनुराधा राणा ने कहा है कि काजा में 75 करोड़ की लागत से विश्व स्तरीय स्टेडियम बनाया जाएगा। काजा में आयोजित आईस हॉकी प्रतियोगिता के समापन समारोह की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि विंटर गेम्स के आयोजन से घाटी में विंटर टूरिज्म को बढ़ावा मिला है।

.............................................................

**सीबीएसई–ओएसएम**

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–सीबीएसई इस वर्ष से कक्षा 12वीं की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए ऑन–स्क्रीन मार्किंग लागू करेगा। हालांकि, कक्षा 10वीं की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन पहले की तरह ही भौतिक रूप से किया जाएगा। सीबीएसई परीक्षा नियंत्रक संयम भारद्वाज ने बताया कि बोर्ड ने दक्षता और पारदर्शिता बढ़ाने के लिए इस वर्ष की परीक्षा से कक्षा 12वीं की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए ऑन–स्क्रीन मार्किंग शुरू करने का निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि इस कदम से समन्वय में सुधार होगा और मैनुअल हस्तक्षेप कम होगा, साथ ही जोड़–घटाने की त्रुटियां भी दूर होंगी।

.............................................................